कोचिंग संस्थाओं में विद्यार्थियों को मिलेगी फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी

चर्चा में क्यों?

1 फरवरी, 2023 को राजस्थान सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से मिली जानकारी के अनुसार राज्य सरकार की विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं, सुजस मोबाइल एप तथा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से किये जा रहे प्रचार-प्रसार की जानकारी युवाओं तक पहुँचाई जाएगी।

प्रमुख बिंदु

- जानकारी के अनुसार कोचिंग संस्थाओं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के बीच सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिये 2 से 9 फरवरी तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। निदेशक सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निर्देशानुसार यह अभियान संचालित किया जाएगा।
- इसके लिये दो टीमों का गठन किया गया है। यह टीमें विभिन्न कोचिंग सेंटर्स और कॉलेजों में पहुँचकर राज्य सरकार की समस्त फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी देंगी।
- सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा इन कोचिंग संस्थानों में सुजस मोबाइल ऐप, सुजस ई-बुलेटिन, वीडियो बुलेटिन तथा सुजस आवाज के संबंध में जानकारी दी जाएगी।
- विभाग की इस अभिनव पहल से न केवल विद्यार्थियों में सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार होगा, बल्कि आमजन तक सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी पहुँचेगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/students-will-get-information-about-flagship-schemes-in-coaching-institutes